**प्रेस नोट**

**थाना सीपरी बाजार, झाँसी**

**दिनांक- 08.07.2026**

- **जनपद झाँसी पुलिस द्वारा अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध की जा रही सख्त कार्यवाही**
- **थाना सीपरी बाजार पुलिस द्वारा छेड़खानी के अभियोग से संबंधित अभियुक्त गिरफ्तार,**
- **गिरफ्तार अभियुक्त को मा0 न्यायालय के समक्ष पेश किया गया।**

कृपया अवगत कराना है कि अपर पुलिस महानिदेशक, कानपुर जोन, कानपुर श्रीमती अनुपम कुलश्रेष्ठ एवं पुलिस महानिरीक्षक, झाँसी परिक्षेत्र, झाँसी श्री आकाश कुलहरि के मार्गदर्शन तथा वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक झाँसी श्री बी.बी.जी.टी.एस. मूर्ति के कुशल निर्देशन में जनपद झाँसी में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के क्रम में दिनांक 08.07.2026 को थाना सीपरी बाजार पुलिस द्वारा मु0अ0सं0 217/2026, धारा 74/352/351(3)/115(2) बीएनएस एवं 67 आईटी एक्ट से संबंधित अभियुक्त राहुल केवट उर्फ गुलशन पुत्र बब्लू रायकवार, निवासी ब्रह्मनगर (पानी की टंकी के नीचे), थाना सीपरी बाजार, जनपद झाँसी, उम्र करीब 29 वर्ष को ब्रह्मनगर स्थित पानी की टंकी के नीचे, थाना सीपरी बाजार, जनपद झाँसी से गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त के विरुद्ध नियमानुसार आवश्यक वैधानिक कार्यवाही करते हुए उसे माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया जा रहा है।

**घटना का संक्षिप्त विवरण-**

दिनाँक 15.05.2026 को वादिया/ पीड़िता की दी गयी तहरीर कि वादिया के साथ अभि0 द्वारा अभद्रता और छेड़छाड़ करना एवं वादिया के अश्लील फोटो व वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल कर देना वादिया द्वारा अश्लील फोटो वीडियो सोशल मीडिया से हटाने के लिए कहने पर वादिया से गाली गलौज कर जान से मारने की धमकी देना व शारीरिक सम्बन्ध बनाने के लिए दबाब बनाने के सम्बन्ध में थाना स्थानीय पर मु0अ0सं0 217/2026 धारा 74/352/351(3)115(2) बीएनएस 67 आईटी एक्ट बनाम राहुल केवट उर्फ गुलशन पुत्र बब्लू रायकवार निवासी ब्रम्हनगर ( पानी की टंकी के नीचे ) थाना सीपरी बाजार जनपद झाँसी के विरूद्ध पंजीकृत किया गया है। अभियुक्त राहुल केवट उपरोक्त को दिनांक 08.07.2026 को समय करीब 08.45 बजे पानी की टंकी के नीचे ब्रम्हनगर गली चौकी क्षेत्र लहरगिर्द थाना सीपरी बाजार झांसी से गिरफ्तार किया गया जिसके विरूद्ध नियमानुसार वैधानिक कार्यवाही करते हुए मा0 न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है।

**अभियुक्त का विवरण**

1. राहुल केवट उर्फ गुलशन पुत्र बब्लू रायकवार निवासी ब्रम्हनगर ( पानी की टंकी के नीचे ) थाना सीपरी बाजार जनपद झाँसी उम्र 29 वर्ष।

**गिरफ्तार करने वाली टीम का विवरणः-**

1. प्र0नि0 जय प्रकाश चौबे, थाना सीपरी बाजार झाँसी।
2. अति0निरी0 श्री चन्द्र देव यादव, थाना सीपरी बाजार, झाँसी।
3. रि0का0 मुकेश शर्मा, थाना सीपरी बाजार, झाँसी।